web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union · Govt. Registered

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 18 नवंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 50

## महत्वपूर्ण एवं खास

### धुंध का कहर : मिनी बस की टक्कर से 3 की मौत, बाइक रेहड़े में जा रहा था परिवार

**कपूरथला (आरएनएस)।** कपूरथला में धुंध के चलते फगवाड़ा-होशियापुर रोड पर गांव जगजीतपुर के नजदीक शनिवार की सुबह एक मिनी बस व बाइक रेहड़े में भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में एक ही परिवार के एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में डेढ़ साल की बच्ची समेत दो जख्मी हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार गांव विर्क निवासी रामपाल ने बताया के बलवीर कालोनी होशियारपुर निवासी उनके रिश्तेदार गरीबदास परिवार के अन्य सदस्यों के साथ उन्हें मिलने के लिए बाइक रेहड़े पर सवार होकर आए थे। उसने बताया कि यह लोग जब वापस होशियारपुर जा रहे थे तो गांव जगजीतपुर के निकट बाइक रेहड़े की एक मिनी बस के साथ टक्कर हो गई।

### स्कूल में घुसकर सनकी ने की अंधाधुंध चाकूबाजी, 8 की मौत-17 घायल, वजह आई सामने

**बीजिंग ।** चीन के एक व्यावसायिक स्कूल में हुई चाकूबाजी से 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी को मौके से ही पकड़ लिया गया। पकड़े जाने के बाद आरोपी ने अपना अपराध स्वीकर कर लिया। बता दें कि इससे पहले हाल ही में एक व्यक्ति ने अपनी कार से कई लोगों को कुचल दिया था। इस हादसे में भी 35 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 43 लोग घायल हो गए थे। बता दें कि पूरा मामला पूर्वी चीन के जियांग्सू प्रांत का बताया जा रहा है। यहां शनिवार को एक व्यावसायिक स्कूल में घुसे एक सनकी ने अंधाधुंध चाकूबाजी करनी शुरू कर दी। चाकूबाजी की इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हो गए। यह हमला यिक्सिंग शहर के 'वूशी वोकेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट्स एंड टेक्नोलॉजी' में शाम करीब साढ़े छह बजे हुआ।

### लेबनान पर इजरायली हवाई हमले में 11 की मौत, 11 घायल

**बेरूत ।** दक्षिण और पूर्वी लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में 11 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। शनिवार को आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) के अनुसार, पूर्वी बालबेक-हर्मेल गवर्नमेंट के ख़्रीबेह गांव में एक घर पर इजरायली हमले में एक ही परिवार के छह लोग मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए। इसके अलावा, नाबातिया नगरपालिका के गोदाम पर हुए हमले में पांच कर्मचारियों की मौत हो गई। सैन्य सूत्रों के अनुसार, शनिवार को इजरायली युद्धक विमानों और ड्रोन ने दक्षिण और पूर्वी लेबनान के गांवों और कस्बों पर लगभग 90 हमले किए। इसके अलावा, 16 गांवों पर लगभग 75 गोले दागे गए। इसके अलावा रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिणी लेबनान में इजरायली हमलों में तीन पैरामेडिक्स की मौत हो गई और 11 अन्य लोग घायल हो गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार हिजबुल्लाह ने शनिवार को एक बयान में बताया कि उन्होंने दक्षिणी लेबनान के चामा गांव में एक इजरायली टैंक को मिसाइल से निशाना बनाया, जिससे उसमें सवार सैनिक हताहत हुए। उन्होंने इजरायली सैनिकों और वाहनों के ठिकानों को भी मिसाइल और रॉकेट से निशाना बनाया।

## भारत ने डिफेंस सेक्टर में फिर दिखाया दम, हाइपरसोनिक मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**नई दिल्ली । आरएनएस**



भारत ने डिफेंस सेक्टर में अपना दम दिखाया है। भारत ने पहली बार लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया है। यह देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि हासिल है। यह परीक्षण ओडिशा के तट से दूर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह जानकारी दी। यह भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि ने हमारे देश को ऐसे चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है जिनके पास ऐसी महत्वपूर्ण और एडवांस सैन्य तकनीकों की क्षमता है। रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ और सशस्त्र बलों को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी।

**1500 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के तट पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया। डीआरडीओ की तरफ से टेस्ट की गई हाइपरसोनिक मिसाइल को भारतीय सशस्त्र बलों की सभी सेवाओं के लिए 1500 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए विभिन्न पेलोड ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर बधाई दी. उन्होंने कहा, भारत ने ओडिशा के तट से दूर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि ने हमारे देश को उन देशों के साथ खड़ा कर दिया है जिनके पास ऐसी महत्वपूर्ण और एडवांस सैन्य टेक्नोलॉजी है।

**मिसाइल को क्यों किया गया है डिजाइन**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताया है। इस हाइपरसोनिक मिसाइल को भारतीय सशस्त्र बलों की सभी सेवाओं के लिए 1500 किमी से अधिक दूरी तक विभिन्न पेलोड ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## अंतरिक्ष से आई खुशखबरी : सुनीता विलियम्स की नई फोटो ने दी बड़ी राहत

**नई दिल्ली । आरएनएस**




भारतीय मूल की नासा की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स की एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें वह काफी बीमार नजर आ रही थीं। इसने दुनियाभर के उनके प्रशंसकों को चिंतित कर दिया था। लेकिन अब एक नई तस्वीर सामने आई है जो उनके प्रशंसकों के लिए राहत की खबर है।

नासा ने अपनी इंस्टाग्राम पर सुनीता विलियम्स की एक नई तस्वीर पोस्ट की है जिसमें वह स्पेसएक्स ड्रैगन क्रू स्पेसक्राफ्ट की खिड़की से बाहर झांकते हुए दिख रही हैं। इस तस्वीर में वह बिल्कुल स्वस्थ और तंदुरुस्त नजर आ रही हैं। उनकी आंखें चमक रही हैं और चेहरा भी पहले से काफी बेहतर दिख रहा है।

नासा ने इस तस्वीर के साथ बताया कि सुनीता विलियम्स अपने एक्सपीडिशन 72 स्वेटर में हैं और पृथ्वी की ओर देख रही हैं। पृथ्वी से आने वाली रोशनी उनके चेहरे को चमका रही है। सुनीता विलियम्स की इस नई तस्वीर को लोगों ने खूब पसंद किया है। लोग कमेंट कर रहे हैं और सुनीता के जल्द पृथ्वी पर वापस आने की कामना कर रहे हैं।

इससे पहले जो तस्वीर सामने आई थी उसमें सुनीता विलियम्स के गाल धंसे हुए थे और वह थोड़ी कमजोर नजर आ रही थीं। इस तस्वीर ने लोगों को चिंतित कर दिया था और कई तरह की अफवाहें उडऩे लगी थीं। लेकिन सुनीता विलियम्स ने खुद इन अफवाहों को खारिज किया था और कहा था कि वह बिल्कुल ठीक हैं।

सुनीता विलियम्स की नई तस्वीर से यह साफ हो गया है कि वह बिल्कुल स्वस्थ हैं और अंतरिक्ष में अपना मिशन जारी रखे हुए हैं। उनके प्रशंसकों के लिए यह एक बड़ी राहत की खबर है।

## एम्बुलेंस का रास्ता रोकना पड़ा महंगा, 2.5 लाख का लगा जुर्माना; ड्राइविंग लाइसेंस भी रद्द

**तिरुवनंतपुरम । आरएनएस**

केरल पुलिस ने एक बार फिर सख्त कार्रवाई करते हुए एंबुलेंस को रास्ता नहीं देने वाले कार मालिक पर 2.5 लाख रुपये का भारी जुर्माना लगाया है और उसका ड्राइविंग लाइसेंस भी रद्द कर दिया है। यह मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोगों द्वारा पुलिस की इस कार्रवाई की खूब तारीफ की जा रही है।

यह घटना केरल के अल्लापुझा जिले में हुई थी। एक कार चालक ने सायरन बजाती हुई एंबुलेंस को रास्ता देने से इनकार कर दिया था। एंबुलेंस में कोई मरीज था जिसे अस्पताल ले जाया जा रहा था। कार चालक के इस हरकत से एंबुलेंस को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार मालिक के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने कार मालिक पर 2.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया और उसका ड्राइविंग लाइसेंस भी रद्द कर दिया।

सोशल मीडिया पर लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की खूब तारीफ की है। लोगों का कहना है कि इस तरह की सख्त कार्रवाई से लोग एंबुलेंस को रास्ता देना सीखेंगे। एक यूजर ने लिखा, केरल में एक कार मालिक पर 2.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है और एम्बुलेंस को रास्ता न देने के कारण उसका लाइसेंस रद्द कर दिया गया है।

यह पागलपन और अमानवीय कृत्य है। बहुत बढ़िय़ा केरल पुलिस। एक अन्य यूजर ने लिखा, केरल पुलिस ने जो कार्रवाई की है, वह बहुत ही प्रशंसनीय है। इससे अन्य लोगों को भी सबक मिलेगा।

## रिजर्व बैंक को आया धमकी भरा कॉल, शिकायत दर्ज

**मुंबई । आरएनएस**




भारतीय रिजर्व बैंक को धमकी भरा कॉल शनिवार सुबह 10 बजे किया गया। कॉलर ने खुद को लश्कर ए तैयबा का सीईओ बताया।

कॉल रिजर्व बैंक के कस्टमर केयर नंबर पर आई थी। कथित तौर पर रिजर्व बैंक के सुरक्षा गार्ड को कॉल की गई। शख्स ने खुद को आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का सीईओ बताते हुए कहा पीछे का रास्ता बंद कर दो इलेक्ट्रिक कार खराब हो गई है।

अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कराया जा चुका है। वहीं पुलिस के मुताबिक ये किसी की शरारत भी हो सकती है।

इससे पहले गुरुवार (15 नवंबर) को मुंबई के जेएसए लॉ फर्म बेलर्ड पेयर और जेएसए ऑफिस कमला मिल लोअर पर्ल को बम से उड़ाने की धमकी भरा एक ईमेल आया था। मेल कंपनी के ऑफिशियल आईडी पर आया था। भेजने वाले शख्स का नाम फरजान अहमद था। उसने लिखा था फर्म के कार्यालय और बेलार्ड एस्टेटऑफिस में बम रखा गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत ही जांच शुरू कर दी थी।

इससे पहले फ्लाइट को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। बीते गुरुवार (14 नवंबर) को मुंबई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। अज्ञात शख्स ने मुंबई एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ को फोन कर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी थी।

इसके बाद एयरपोर्ट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों सहित अन्य लोग खौफजदा हो गए थे। धमकी देने वाले शख्स ने सीआईएसएफ कर्मचारी को फोन कर कहा था कि एयरपोर्ट पर बम रखा हुआ है। जांच में सामने आया था कि मोहम्मद नाम का व्यक्ति विस्फोटक सामग्री लेकर मुंबई से अजरबैजान जाने की योजना बना रहा था। 27 अक्टूबर को भी मुंबई एयरपोर्ट पर एक धमकी दी गई थी। कहा गया था कि अगर विमान उड़ा तो कोई भी यात्री जिंदा नहीं बचेगा। जांच में यह धमकी भी झूठी पाई गई थी।

पिछले लगभग एक साल से देश में स्कूल, होटल, एयरपोर्ट, मार्केट, ट्रेन, बस आदि को बम से उड़ाने की धमकियां मिल रही हैं। हालांकि सभी फर्जी निकल रही हैं।

## हवाला घोटाले में गिरफ्तार बांग्लादेशियों के बैंक खातों की जांच कर रहा ईडी

**कोलकाता । आरएनएस**




पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) हवाला मामले में उसके द्वारा गिरफ्तार किए गए दो बांग्लादेशी नागरिकों रोनी मोंडल और समीर चौधरी के बैंक खातों की जांच कर रहा है।

उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में रहने वाले मंडल के बहन, बहनोई और भतीजे के बैंक खातों की भी ईडी अधिकारी जांच कर रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारियों का मानना है कि मंडल के पास उच्च स्तरीय प्रभावशाली राजनीतिक संपर्क हैं, जिसके कारण वह बांग्लादेशी नागरिक होने के बावजूद स्थानीय बैरकपुर नगर पालिका से शहरी नागरिक निकाय के लिए अनुबंध कार्य करने हेतु व्यापार लाइसेंस प्राप्त करने में सक्षम हो गया।

जांच अधिकारियों का मानना है कि मंडल इलाके में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की विभिन्न जनसभाओं में मौजूद था। सूत्रों ने बताया कि उनके बैंक खातों की जांच से अधिकारियों को पैसे के लेनदेन के बारे में स्पष्ट जानकारी मिलेगी, जिससे समय के साथ प्रभावशाली लोगों की पहचान हो सकेगी।

मंडल और चौधरी के अलावा ईडी अधिकारियों ने हवाला घोटाले के सिलसिले में पिंटू हलदर और पिंकी बसु नामक दो नागरिकों को भी गिरफ्तार किया था।

मंगलवार को ईडी के अधिकारियों ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) कर्मियों के साथ पश्चिम बंगाल और झारखंड में फैले हवाला घोटाले के सिलसिले में पश्चिम बंगाल में 12 स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। इस घोटाले का संबंध बांग्लादेश से भी है। इन 12 स्थानों में उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम में एक महिला का घर भी शामिल है, जिसके खिलाफ रांची में मामला दर्ज किया गया था।

संबंधित महिला ने बांग्लादेश से अन्य महिलाओं को रोजगार का झांसा देकर अवैध रूप से पश्चिम बंगाल में प्रवास करवाया और फिर उन्हें अंतर-राज्यीय हवाला रैकेट में शामिल किया, जिसमें मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल और झारखंड शामिल थे।

इन बांग्लादेशी महिलाओं को हिंदू नामों वाले आधार कार्ड जैसे फर्जी दस्तावेज भी दिए गए। सूत्रों ने बताया कि इनमें से कुछ बांग्लादेशी महिलाएं रांची भागने में सफल रहीं और वहां के एक स्थानीय पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

चूंकि, हवाला कारोबार धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के दायरे में आता है, इसलिए प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज करने के बाद ईडी ने स्वत: संज्ञान लेते हुए मामले को अपने हाथ में ले लिया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि हवाला के जरिए आए धन का एक हिस्सा परिवहन व्यवसाय में भी निवेश किया गया था।

## अलमारी से कपड़े निकालते वक्त 10 साल की बच्ची की मौत, दादा की रिवॉल्वर से चली गोली

**मोगा । आरएनएस**

पंजाब के मोगा जिले के गांव लडेके में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। 10 वर्षीय बच्ची मनरीत कौर की मौत उसके दादा की लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली चलने के कारण हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब मनरीत अलमारी से कपड़े निकाल रही थी।

मृतक के पिता कर्मजीत सिंह ने बताया कि हर रोज़ की तरह उन्होंने अपने पिता की रिवॉल्वर अलमारी में रखी थी, लेकिन अलमारी को लॉक करना भूल गए। जब मनरीत कपड़े निकालने गई, तो उसने गलती से रिवॉल्वर उठा लिया। अचानक गोली चलने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

थाना प्रमुख गुरप्रीत सिंह ने जानकारी देते हुए कहा, यह घटना देर रात की है। शुरुआती जांच में पता चला है कि बच्ची ने अलमारी में रखी रिवॉल्वर उठा ली थी, जिससे गोली चल गई। मामला दर्ज कर लिया गया है, और आगे की कार्रवाई की जा रही है। यह घटना सवाल उठाती है कि क्या परिवार ने हथियार रखने में पर्याप्त सावधानी बरती थी। लाइसेंसी हथियारों को हमेशा सुरक्षित रखने और बच्चों की पहुंच से दूर रखने की जिम्मेदारी होती है। इस मामले में अलमारी को लॉक न करना घातक साबित हुआ।

मनरीत की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिवार पर इस घटना ने गहरा आघात पहुंचाया है। वहीं, पुलिस इस मामले में जांच कर रही है कि क्या यह महज एक दुर्घटना थी या इसमें कोई और पहलू भी शामिल है।

## बद्रीनाथ मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए आज होंगे बंद

**बद्रीनाथ । आरएनएस**

पवित्र बद्रीनाथ मंदिर के कपाट रविवार रात 9.07 बजे शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। इसके लिए विधि विधान मंत्र उच्चारण के साथ कपाट बंद करने की प्रक्रिया हुई शुरू हो गई है। शनिवार को 10,000 से अधिक भक्तों ने भगवान बद्री विशाल के दर्शन किए। इस दौरान कई प्रमुख अनुष्ठान हुए और सत्र के समापन के लिए सैकड़ों किलो प्रसाद तैयार किया गया।

15 नवंबर को मंदिर के कपाट बंद करने की प्रक्रिया के तीसरे दिन, वैदिक मंत्रोच्चारण (वेद ऋचाओं) को विराम दिया गया। यह कदम मंदिर के शीतकालीन चरण में प्रवेश का संकेत था। इसके बाद वेद उपनिषदों को मंदिर के रावल (प्रधान पुजारी) और धर्माधिकारी को औपचारिक रूप से सौंपा गया। मंदिर बंद करने की एक सप्ताह लंबी प्रक्रिया 13 नवंबर से शुरू हुई, जब श्री गणेश मंदिर के कपाट बंद किए गए। इसके बाद आदि केदारेश्वर और आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर के कपाट बंद हुए।

यह प्रक्रियाएं पंच पूजा का हिस्सा होती हैं, जिसमें पूरे मंदिर परिसर को लंबे शीतकाल के लिए तैयार किया जाता है। शुक्रवार को पंच पूजा के तहत महत्वपूर्ण 'खताग पूजा' पूरी हुई। इसके बाद माता लक्ष्मी के मंदिर में कढ़ाई भोग का प्रसाद चढ़ाकर भगवान बद्रीनाथ के गर्भगृह में सुरक्षित वापसी के लिए प्रार्थना की गई। उत्तराखंड के चारधाम गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ सभी शीतकाल के लिए बंद हो रहे हैं। यह 2024 की तीर्थयात्रा का समापन है। गंगोत्री मां गंगा को समर्पित है, सबसे पहले 2 नवंबर को बंद हुआ। इसके बाद यमुनोत्री और केदारनाथ के कपाट 3 नवंबर को भाई दूज के दिन बंद किए गए।

अन्य प्रमुख मंदिर के कपाट भी शीतकाल के लिए बंद हो चुके हैं। रुद्रनाथ 17 अक्टूबर को और तुंगनाथ 4 नवंबर को बंद किया गया और मध्यमहेश्वर 20 नवंबर को बंद होगा। केदारनाथ के रक्षक देवता भकुंटा भैरवनाथ के कपाट 29 अक्टूबर को बंद कर दिए गए। यह बंद होने की प्रक्रिया दशहरा के आसपास होती है और शीतकाल के दौरान मंदिरों और उनके आसपास के क्षेत्रों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक है। यह मंदिर अगले साल अप्रैल या मई में खुलेंगे और 2025 की तीर्थयात्रा के लिए तैयार होंगे।

## नाइजीरिया पहुंचे पीएम मोदी

## ऐतिहासिक यात्रा पर गर्मजोशी से स्वागत के लिए राष्ट्रपति टीनुबू को दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली । आरएनएस**



रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार नाइजीरिया पहुंचे। यह यात्रा उनके तीन देशों के दौरे का हिस्सा है, जिसमें वे ब्राजील और गुयाना भी जाएंगे। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू ने अबुजा एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस यात्रा को भारत और नाइजीरिया के रिश्तों को मजबूत करने के लिए खास माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राष्ट्रपति टीनुबू का धन्यवाद करते हुए लिखा, थोड़ी देर पहले नाइजीरिया पहुंचा। इस गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आभारी हूं। उम्मीद है कि यह यात्रा हमारे दोनों देशों के बीच दोस्ती को और गहरा करेगी।

पीएम मोदी पिछले 17 वर्षों में नाइजीरिया जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं।

राष्ट्रपति टीनुबू ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमारे देश नाइजीरिया में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। 2007 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री का यह पहला दौरा है। हमारी चर्चा दोनों देशों की साझेदारी को मजबूत करने और मुख्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर होगी। पीएम मोदी, आपका स्वागत है।

प्रधानमंत्री मोदी को नाइजीरिया के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर बुलाया गया है। अबुजा में फेडरल कैपिटल टेरिटरी के मंत्री नायेसम इज़ेनवो विके ने उनका स्वागत किया और अबुजा की चाबी भेंट की, जो नाइजीरियाई जनता के विश्वास और सम्मान का प्रतीक है।

पीएम मोदी ने भी अपने आगमन की तस्वीरें साझा की और भारत और नाइजीरिया के बीच द्विपक्षीय मित्रता को गहरा करने की आशा व्यक्त की।

तीन देशों की इस यात्रा में पीएम मोदी पहले नाइजीरिया (16 से 21 नवंबर), फिर ब्राजील में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, और अंत में गुयाना का दौरा करेंगे। गुयाना की यह यात्रा पिछले 50 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली राजकीय यात्रा होगी।

इससे पहले पीएम मोदी ने कहा, नाइजीरिया के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर यह मेरी पहली यात्रा है। मेरी यात्रा हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने का अवसर होगी जो लोकतंत्र और बहुलवाद में साझा विश्वास पर आधारित है। मैं वहां भारतीय समुदाय और नाइजीरिया के दोस्तों से मिलने के लिए उत्सुक हूं, जिन्होंने हिंदी में मेरे स्वागत के संदेश भेजे हैं।

इसके अलावा पीएम मोदी ने नाइजीरिया में मराठी समुदाय के लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, नाइजीरिया में, मराठी समुदाय ने मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने पर खुशी व्यक्त की है।